सं: 1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 15 सितंबर, 2021

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051**	**बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,** **पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001**

विषय: सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसार सूचना

महोदया/महोदय,

पीएफसी ने यूएस $8,000,000,000 ग्लोबल मीडियम टर्म नोट प्रोग्राम के अंतर्गत 2028 को देय यूरो 300,000,000 1.841 प्रतिशत नोट्स जारी करना शुरू किया। नोट्स की कीमत 13 सितंबर 2021 को रखी गई है और प्रत्येक ब्याज भुगतान तारीख को बकाया के रूप में देय 1.841% प्रति वर्ष के कूपन के रूप में है। नोट्स के निपटान की तारीख 21 सितंबर 2021 होने की आशा है।

नोट्स की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार यदि पूर्व में रिडीम नहीं किया जाता है, तो नोट्स 21 सितंबर, 2028 को परिपक्व होंगे तथा मूलधन और ब्याज भुगतान यूरो में किए जाएंगे।

नोट्स पीएफसी के प्रत्यक्ष, बिना शर्त और अप्रतिभूत बाध्यताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा आपस में और जारीकर्ता की अन्य सभी अप्रतिभूत बाध्यताओं के बीच समान होंगे। नोट सिंगापुर एक्सचेंज सिक्योरिटीज ट्रेडिंग लिमिटेड, एनएसई आईएफएससी और इंडिया आईएनएक्स पर सूचीबद्ध होंगे।

इन नोट्स को जारी करने से होने वाली निवल आय का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक के बाह्य वाणिज्यिक ऋण विनियम के अनुसार किया जाएगा।

यह आपके सदस्यों और सभी संबंधितों की जानकारी हेतु है तथा सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में है।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
सीजीएम एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com